बांग्लादेश में नई सरकार

07 महिलाओं ने हासिल की जीत, इनमें 6 बीएनपी की

बांग्लादेश में सात महिला उम्मीदवारों ने जीत हासिल की है। इनमें छह बीएनपी की है। विजयी महिला उम्मीदवारों में अफरोजा खान रीता (मानिकगंज-3), इमरत सुल्ताना एलेन भुरटो (झालोकाठी-2), तहसीना रुश्दीद लूना (सिलहट-2), शमा ओबेद (फरीदपुर-2),नायाब यूसुफ कमाल (फरीदपुर-3) और फरजाना शर्मिन पुतुल (नाटोर-1) शामिल हैं। इसके अलावा, बीएनपी से निष्कासित रुमिन फरहाना ब्राह्मणबरिया-2 से निर्दलीय जीतीं।

निर्वासन से सत्ता के शिखर पर पहुंचे डार्क प्रिंस तारिक रहमान

60 वर्षीय तारिक रहमान का राजनीतिक शिखर पर पहुंचना उनके उस उथल-पुथल भरे सफर का समापन है, जो हत्या के आरोपों, कारावास और निर्वासन से होकर गुजरता है। करीब 20 वर्षों बाद बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सत्ता में वापसी कर रही है और उसके शीर्ष नेता तारिक रहमान प्रमुख चेहरा बनकर उभरे हैं। ढाका-17 और बोगरा-6 नामक दो सीटों पर जीत ने उनके राजनीतिक कद को और मजबूत किया है। **आइए जानें, उनका जीवन और राजनीतिक सफर...**

तारिक को विरासत में मिली राजनीति

तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1965 को ढाका में हुआ। वे पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व सैन्य शासक-राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बड़े बेटे हैं, जिससे उन्हें राजनीति विरासत में मिली। जियाउर रहमान ने 1978 में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की स्थापना की थी और 1981 में सैन्य तख्तापलट में उनकी हत्या कर दी गई।

शीर्ष नेता के रूप में उभरे : रहमान वर्ष 2001 में 35 वर्ष की उम्र में सक्रिय राजनीति में उभरे और 2002 में बीएनपी में वरिष्ठ पद पर पहुंच गए। उनके तेज उभार को विपक्ष ने भाई-भतीजावाद बताया, लेकिन वे संगठनात्मक रणनीतिकार और सख्त नेतृत्व के लिए पहचाने गए। औपचारिक पद नहीं होने के बावजूद उन्होंने पार्टी पर मजबूत पकड़ बनाई, कार्यवाहक अध्यक्ष बने और 30 दिसंबर को खालिदा के निधन के बाद बीएनपी अध्यक्ष के रूप में काम शुरू किया।

कानूनी मामले और विवाद : अवामी लीग शासन के दौरान रहमान पर भ्रष्टाचार, धन शोधन, अवैध संपत्ति और तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना की कथित हत्या की साजिश से जुड़े मामलों सहित कई प्रकरणों में उन्हें अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया। वे 17 महीनों तक हिरासत में भी रहे। रहमान ने इन आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताया। रहमान को 2007 में भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान उन्होंने जेल में मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाया।

लंदन में स्व-निर्वासन : 2008 में अवामी लीग की भारी जीत के बाद वे उपचार के लिए लंदन चले गए, जहां वह करीब 17 साल रहे। उन्होंने पार्टी की रणनीति और संगठन पर नियंत्रण बनाए रखा, जो दक्षिण एशियाई राजनीति में असामान्य स्थिति मानी जाती है।

संसदीय अनुभव के बिना राष्ट्रीय नेता : दिलचस्प तथ्य यह है कि तारिक रहमान कभी भी राष्ट्रीय संसद के सदस्य नहीं रहे। उनका प्रभाव चुनावी पद से नहीं, बल्कि संगठनात्मक नियंत्रण, पारिवारिक विरासत और पार्टी नेतृत्व से उभरकर सामने आया है।

क्यों महत्वपूर्ण हैं तारिक रहमान : तारिक रहमान समर्थकों के लिए जियाउर रहमान की विरासत और प्रतिस्पर्धी लोकतंत्र की बहाली का प्रतीक हैं। आलोचकों के लिए वह वंशवादी राजनीति और जवाबदेही से जुड़े अनसुलझे सवालों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

डार्क प्रिंस मिला उपनाम : सन् 2001 से 2006 के बीच जब बीएनपी के नेतृत्व वाला गठबंधन जमात-ए-इस्लामी के साथ सत्ता में था, उसी दौर में तारिक रहमान को 'डार्क प्रिंस' उपनाम मिला।

ऐसा होगा बांग्लादेश...चुनाव के साथ कराया गया था जनमत संग्रह, 68% लोगों ने किया बदलाव के लिए वोट

पीएम के अधिकार सीमित, बढ़ेगी राष्ट्रपति की ताकत...महिलाओं का दबदबा होगा कायम

नई दिल्ली। बांग्लादेश में 13वां आम चुनाव इस लिहाज से काफी अलग था कि लोगों ने सिर्फ नई सरकार चुनने के लिए ही वोट नहीं डाला बल्कि यह फैसला भी सुनाया कि सत्ता की राजनीति का स्वरूप क्या होना चाहिए।

इसके बाद देश में राष्ट्रपति की ताकत बढ़ाना तय माना जा रहा है। दरअसल, लोगों ने जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह का बड़े पैमाने पर समर्थन करके जता दिया है कि नए प्रधानमंत्री के अधिकार सीमित होने चाहिए और संसद में ऊपरी सदन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। बांग्लादेश में संसदीय चुनाव के साथ एक जनमत संग्रह भी कराया गया। इसमें लोगों से पूछा गया था कि वे जुलाई चार्टर को लागू करने में पक्ष में हैं या नहीं।

ताजा नतीजों के मुताबिक, वोट देने वालों में से 68 फीसदी से अधिक लोगों ने इस पर सहमति जताई। दो दिग्गज महिला राजनेताओं शेख हसीना व खालिदा जिया के सियासी परिदृश्य से बाहर होने के बाद हुए इस चुनाव में लोगों ने जिस जुलाई चार्टर का खुलकर समर्थन किया, उसमें यह भी कहा गया है कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए। जुलाई चार्टर सांविधानिक बदलावों पर अमल करने के जुड़ा 28 पृष्ठ का एक राजनीतिक समझौता है जिस पर 25 राजनीतिक दलों और मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने हस्ताक्षर किए थे। इसका उद्देश्य बांग्लादेश को भविष्य में तानाशाही राजनीति की वापसी को रोकना है। 2024 के विद्रोह के बाद उठी मांगों के आधार पर तैयार किए गए जुलाई चार्टर के कुछ प्रावधान तो सरकारी आदेशों के जरिये लागू हो सकते हैं लेकिन कुछ में संविधान संशोधन की जरूरत पड़ेगी। एजेंसी

बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान की प्रचंड जीत के बाद ढाका में जश्न मनाते पार्टी समर्थक।

संसद के दो सदन, विपक्ष को डिप्टी स्पीकर पद समेत 84 सुधार प्रस्तावित

जनमत संग्रह देश के सभी 64 जिलों में कराया गया था, जिसे शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में भरपूर समर्थन मिला। इसमें कुल मिलाकर 84 सुधारों का प्रावधान किया गया। माना जा रहा है कि नई सरकार गठन के बाद एक परिषद का गठन किया जाएगा ताकि 180 दिन में इन बदलावों को लागू किया जा सके। प्रस्तावित सुधारों पर एक नजर...

प्रधानमंत्री की शक्तियों पर सीमा तय

कार्यकाल : कोई भी व्यक्ति अपने जीवनकाल में 10 वर्ष (या दो कार्यकाल) से अधिक समय प्रधानमंत्री नहीं रह सकता।

दोहरी भूमिका नहीं : प्रधानमंत्री एक साथ पार्टी प्रमुख और सरकार प्रमुख की भूमिका में नहीं रह सकता।

आपातकाल : *प्रधानमंत्री अब अकेले आपातकाल की घोषणा नहीं कर सकता; इसके लिए मंत्रिमंडल और विपक्षी नेता की लिखित सहमति आवश्यक होगी।*

संसदीय सुधार

द्विसदन व्यवस्था : संसद के दो सदन होंगे। मौजूदा जातीय संसद निचला सदन बन जाएगी और 100 सदस्यों वाला ऊपरी सदन (सीनेट) बनाया जाएगा।

- **अनुच्छेद 70 का उन्मूलन :** अपनी पार्टी के विरुद्ध मतदान करने वाले सांसद की बर्खास्तगी के विवादास्पद नियम को या तो हटा दिया जाएगा या इसे कमजोर कर दिया जाएगा।

प्रमुख नियुक्तियां : राष्ट्रपति को कई अहम नियुक्तियों का स्वतंत्र अधिकार प्राप्त होगा।

विपक्ष की भूमिका : संसद के डिप्टी स्पीकर का मुख्य विपक्षी दल से चुना जाना अनिवार्य होगा।

महिलाओं का प्रतिनिधित्व : महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की संख्या बढ़ाकर 100 की जाएगी।

मजबूत होंगे भारत बांग्लादेश के रिश्ते

ढाका। बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान के सलाहकार सैयद मोअज्जमम हुसैन अलाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने के साथ विपक्षी दल जमात-ए-इस्लामी का भी मजबूत होकर उभरना देश के हित में है। उन्होंने कहा कि पक्ष-विपक्ष की यह जोड़ी लोकतांत्रिक क्रांति के आगे की राह को बेहतरीन बनाएगी।

वहीं, बीएनपी की चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख रहे नजरुल इस्लाम खान ने कहा कि तारिक रहमान ने नेतृत्व में भारत-बांग्लादेश रिश्ते और मजबूत होंगे। अलाल ने कहा कि वह चुनाव आयोग, अंतरिम सरकार, राजनीतिक दलों और सबसे महत्वपूर्ण, देश की आम जनता के सहयोग से आयोजित एक ऐतिहासिक चुनाव था। नतीजे आ चुके हैं और बांग्लादेश की जनता ने अपनी पसंद व्यक्त करते हुए बीएनपी को पूर्ण बहुमत प्रदान किया है। एजेंसी

इस्लामी, जिहादी, आतंकी ताकतों की हार : तसलीमा

नई दिल्ली। बांग्लादेश से निर्वासित मशहूर बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने अपनी मातृभूमि में हुए आम चुनावों में जमात-ए-इस्लामी जैसी कट्टरपंथी ताकतों की हार पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने शुक्रवार को अपने सोशल मीडिया खाते एक्स से बांग्लादेश के चुनावी नतीजों पर अपनी राय साझा की है। उन्होंने लिखा, इस चुनाव में मैं इसलिए खुश नहीं हूं कि बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) जीत गई, बल्कि इसलिए खुश हूं कि इस्लामी, जिहादी, आतंकी ताकतों को हार मिली। पिछले डेढ़ साल में उन्होंने बेहद बेशर्म और खतरनाक रवैया दिखाया। एजेंसी

ढाका में पहली बार हिंदू सांसद...गायेश्वर जीते

बांग्लादेश में एक अहम राजनीतिक घटनाक्रम में बीएनपी के वरिष्ठ नेता और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय से आने वाले गायेश्वर चंद्र रॉय ने ढाका-3 संसदीय सीट पर प्रभावशाली जीत दर्ज की है। वह जीत 1971 में स्वतंत्रता के बाद ढाका से चुने गए पहले हिंदू सांसद के रूप में दर्ज की गई है। मतों और उत्पीड़न की खबरें सामने आती रही हैं।

तारिक भाई को बधाई अच्छे रिश्तों की उम्मीद : ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बीएनपी की जीत के लिए तारिक रहमान को बधाई दी। ममता ने कहा, मेरी हार्दिक बधाई, शुभोनंदन, मेरे सभी भाई-बहनों और बांग्लादेश के सभी लोगों को। इस बड़ी जीत के लिए मेरी बधाई मेरे तारीक-भाई, उनकी पार्टी और सभी दलों को। कामना है कि हमारे संबंध हमेशा बांग्लादेश के साथ सौहार्दपूर्ण रहें।

लोकतंत्र के इतिहास में शर्मनाक अध्याय रद्द हों चुनाव : हसीना

ढाका। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और अवामी लीग नेता शेख हसीना ने चुनाव नतीजों को लोकतंत्र के इतिहास में एक शर्मनाक अध्याय करार दिया और इसे रद्द करने की मांग की। अवामी लीग ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया पर इस संबंध में विस्तृत बयान जारी किया। शेख हसीना के हवाले से जारी इस बयान में कहा गया है कि 12 फरवरी को बांग्लादेश के लोगों ने सोच-समझकर किया गया नकली चुनाव देखा, जो देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक शर्मनाक अध्याय के तौर पर याद किया जाएगा। यह जनता का फैसला जानने वाला चुनाव नहीं था। बल्कि बड़े पैमाने पर प्रशासनिक जोड़तोड़ और नंबरों की धोखाधड़ी का एक काम था... । मोहम्मद यूनुस प्रशासन के तहत धांधली के साथ कराए एकतरफा चुनाव ने लोगों से उनका मताधिकार छीन लिया है।

देश-दुनिया

दुनिया भर की अजब-गजब ख़बरें 'ज़रा इधर भी'
amarujala.com

E-mail Id:adswasthyabhawan@gmail.com
कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

संख्या-1फ/पुनर्योजन /2026/239 लखनऊः दिनांक 09/02/2026

प्रेसविज्ञप्ति

पी0ए0एच0एस0संवर्ग से सेवानिवृत्त चिकित्सा अधिकारियों को महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के माध्यम से पुनर्योजन द्वारा एम0बी0बी0एस0/विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं महानिदेशालय के पूर्व आदेशों द्वारा के मध्य पुनर्योजन के माध्यम से कार्यरत चिकित्सकों को एक वर्ष का सेवाविस्तार दिये जाने हेतु ऑन–लॉइन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है।

जनपदवार रिक्तियों (रिक्तियों की संख्या घट और बढ़ सकती है) का पूर्ण विवरण, योग्यता एवं आन–लॉइन आवेदन प्रक्रिया निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध है :–

http://reappointment.dgmhup.in

ऑन–लॉइन आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 28.02.2026 तक है।

(डा० पवन कुमार अरूण)
महानिदेशक

www.upgov.nic.in
Upid- 246239 Dt 13.02.2026

पन्नू की हत्या की साजिश में निखिल ने अमेरिकी अदालत में कबूल किया गुनाह

न्यूयॉर्क। खालिस्तान समर्थक आतंकी व सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश रचने के आरोपी भारतीय निखिल गुप्ता ने शुक्रवार को कोर्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया। अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया, निखिल गुप्ता (54) ने हत्या के लिए सुपारी देने, हत्या की साजिश रचने और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में साजिश रचने के आरोपों में जुर्म कबूल किया है। इन सभी आरोपों में अधिकतम 40 साल की जेल की सजा हो सकती है।

प्रवक्ता ने बताया, मैनहट्टन की संघीय अदालत में गुप्ता ने मजिस्ट्रेट जज सारा नेटबर्न के समक्ष जुर्म कबूल किया। गुप्ता के वकीलों ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। उसे जून, 2024 में चेक गणराज्य से अमेरिका प्रत्यर्पित किए जाने के बाद से ब्रूकलिन की जेल में रखा गया है। गुप्ता को एक साल पहले चेक गणराज्य में गिरफ्तार किया गया था। प्रत्यर्पण के तुरंत बाद उसने खुद को निर्दोष बताया था।

अमेरिकी सरकार ने तत्कालीन भारतीय सरकारी अधिकारी विकास यादव के साथ मिलकर उस पर अमेरिका-कनाडा की दोहरी नागरिकता रखने वाले पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। भारत सरकार ने पन्नू के खिलाफ किसी भी साजिश से खुद को अलग करते हुए कहा था कि वह सरकार की नीति के खिलाफ है। (एजाईटीएलएस)

एक लाख डॉलर की सुपारी : गुप्ता पर आरोप है कि उसने पन्नू की हत्या के लिए बदमाश को एक लाख डॉलर की सुपारी दी थी। यह बदमाश अमेरिकी खुफिया एजेंसियों का अंडर कवर एजेंट था, जिससे साजिश नाकाम हो गई थी। आरोप था कि विकास यादव ने मई, 2023 में पन्नू की हत्या के लिए गुप्ता से संपर्क किया था।

बिना परमिट आठ बार विमान उड़ाने पर एअर इंडिया पर लगाया एक करोड़ रुपये का लगा जुर्माना

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बिना उड़ान परमिट के एयरबस ए320 विमान को आठ बार उड़ाने के लिए एअर इंडिया पर करीब एक करोड़ रुपये जुर्माना लगाया है। एयरलाइन को 30 दिन में जुर्माना राशि जमा करनी होगी।

डीजीसीए ने गोपनीय आदेश में कहा, इस चूक ने एयरलाइन में जनता का विश्वास और कम किया है। एयरबस ए320 ने पिछले साल 24 से 25 नवंबर के बीच दिल्ली, बंगलूरू, मुंबई और हैदराबाद के बीच उड़ान भरी थी, जबकि उसके पास अनिवार्य उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र (एआरसी) नहीं था। डीजीसीए जांच के बाद हर साल एआरसी जारी करता है। एअर इंडिया की अतिरिक्त जांच में भी प्रणालीगत खामियां मिली थीं। डीजीसीए ने एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) कैम्पबेल विल्सन को जारी गोपनीय जुर्माना आदेश में कहा कि एयरलाइन के उत्तरदायी प्रबंधक को इन चूकों के लिए दोषी पाया गया है। ब्यूरो

डीजीसीए ने कहा, इस चूक से जनता का भरोसा और कम हुआ

इंडिगो पर भी 1.27 करोड़ रुपये का जुर्माना

मुंबई। इंडिगो एयरलाइंस संचालित करने वाली कंपनी इंटरग्लोब एविएशन लि. पर 1.27 करोड़ रुपये का टैक्स जुर्माना लगा है। यह जुर्माना जुलाई, 2017 से मार्च, 2018 की अवधि के लिए जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की अस्वीकृति से संबंधित है। मुंबई के बांद्रा स्थित कार्यालय की ओर से जारी आदेश को गलत बताते हुए इंडिगो ने कहा, वह इसे चुनौती देगी। एजेंसी

होली विशेष रेलगाड़ियों का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित होली विशेष रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

(1) गाड़ी संख्या 04054/04053 नई दिल्ली-बरौनी-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस

गाड़ी सं. 04054 नई दिल्ली-बरौनी			गाड़ी सं. 04053 बरौनी-नई दिल्ली	
आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	आगमन	प्रस्थान
--	19:50	नई दिल्ली	03:50	--
22:28	22:30	अलीगढ़ जं.	22:10	22:12
23:43	23:45	टूण्डला जं.	21:08	21:10
00:58	01:00	इटावा जं.	19:33	19:35
05:55	06:00	कानपुर सेन्ट्रल	17:35	17:40
22:00	--	बरौनी जं.	--	00:45

- नई दिल्ली से गाड़ी संख्या 04054, दिनांकः 20.02.2026 से 06.03.2026 • बरौनी जं. से गाड़ी संख्या 04053, दिनांकः 22.02.2026 से 08.03.2026.

गाड़ी संरचनाः- स्लीपर श्रेणी-08, सामान्य श्रेणी-06

(2) गाड़ी संख्या 04060/04059 नई दिल्ली-सुपौल-नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस

गाड़ी सं. 04060 नई दिल्ली-सुपौल			गाड़ी सं. 04059 सुपौल-नई दिल्ली	
आगमन	प्रस्थान	↓ स्टेशन ↑	आगमन	प्रस्थान
--	21:35	नई दिल्ली	16:10	--
00:38	00:40	अलीगढ़ जं.	11:40	11:42
03:20	03:22	टूण्डला जं.	10:23	10:25
04:38	04:40	इटावा जं.	08:53	08:55
07:50	07:55	कानपुर सेन्ट्रल	07:10	07:15
04:00	--	सुपौल	--	07:00

- नई दिल्ली से गाड़ी संख्या 04060, दिनांकः 20.02.2026 से 06.03.2026 • सुपौल से गाड़ी संख्या 04059, दिनांकः 22.02.2026 से 08.03.2026.

गाड़ी संरचनाः- स्लीपर श्रेणी-08, सामान्य श्रेणी-06

नोटः ट्रैनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

North central railways @www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRNCR 334/26(MG)

IDBI BANK

क्षेत्रीय कार्यालयः द्वितीय तल, बीएसएनएल भवन, मॉल रोड, कानपुर- 208001

अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना/बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति छित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

सर्वसाधारण और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) एवं गारंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियाँ, जो IDBI बैंक के पक्ष में बंधक/चार्ज की गई थी, जिनका सांकेतिक कब्जा प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, उन्हें **नीचे दिए गए दिनांक को "जैसी है जहाँ है", "जैसी है वैसी है" और "जो कुछ भी है"** आधार पर बेचा जाएगा, ताकि बकाया राशि, ब्याज और संबंधित व्यय की वसूली की जा सके, जैसा कि नीचे तालिका में उल्लेखित है। यह बिक्री IDBI बैंक द्वारा बकाया राशि की वसूली के लिए की जाएगी। आरक्षित मूल्य और बयाना राशि नीचे दी गयी तालिका में उल्लेखित है। उधारकर्ताओं, बंधककर्ताओं, गारंटरों, बकाया राशि, बयाज और व्यय का विवरण तथा अचल संपत्ति और कोई भी ज्ञात भार (अगर कोई है तो) के बारे में विवरण नीचे तालिका में उल्लेखित है।

क्र. सं.	उधारकर्ता/सह–उधारकर्ता/गारंटर/बंधक कर्ता का नाम	बकाया राशि का उल्लेख मांग नोटिस के अनुसार किया गया है	अचल सुरक्षित परिसंपत्तियों का विवरण	ई–नीलामी की तिथि और समय	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि	निरीक्षण /ईएमडी की तिथि एवं समय	प्राधिकृत अधिकारी/नोडल अधिकारियों का नाम एवं संपर्क संख्या
1.	1. मेसर्स श्री महाराजा मोटर्स (फर्म/उधारकर्ता) 2. श्री सर्वेश कुमार शर्मा (प्रोपराइटर/उधारकर्ता/बंधककर्ता) 3. श्रीमती अनीता शर्मा (जमानतकर्ता)	रु. 47,10,959/– (रुपये सैंतालिस लाख दस हजार नौ सौ उन्सठ मात्र) + दिनांक 01.06.2017 तक + ब्याज/जुर्माना/अतिरिक्त शुल्क सहित दिनांक 02.06.2017 से प्रभावी	अराज़ी संख्या 396 का भाग, प्राइवेट प्लॉट संख्या 6(3) के भाग पर निर्मित मकान के सभी भाग व खण्ड, **क्षेत्रफल 111.12 वर्ग गज (अर्थात 92.91 वर्ग मीटर)**, स्थित विनायकपुर परगना जिला कानपुर, **चौहद्दी: पूर्वः** उपर्युक्त अराज़ी का भाग, **पश्चिमः** श्री विनोद कुमार शर्मा की उपर्युक्त अराज़ी का प्राइवेट प्लॉट संख्या 6(2), **उत्तरः** श्री रामदयाल कुशवाहा का प्लॉट (प्राइवेट प्लॉट संख्या 5(1)), **दक्षिणः** 30 फीट सड़क साथ ही, इस पर बनी सभी संरचनाएं एवं निर्माण, वर्तमान एवं भविष्य दोनों।	तिथिः 18.03.2026 समयः 11.00 बजे से 04.00 बजे तक	रु. 62,97,500/- रु. 6,29,750/- रु. 10,000/-	तिथिः 16.03.2026 केवल बैंकिंग समय के दौरान 17.03.2026 शाम 6:00 बजे तक	सुनील कुमार कंदु (6392312473) सुमंत प्रसाद (9899896356) मनीष कुमार (8090098551)
	सुरक्षित लेनदार को ज्ञात भारः– (श्री सर्वेश कुमार शर्मा गिरवी रखी गई संपत्ति में निवास कर रहे हैं)						
2.	1. मेसर्स बालाजी साड़ी सेंटर (फर्म/उधारकर्ता) 2. श्री गौरी शंकर (पार्टनर/बंधककर्ता) 3. श्री उमा शंकर (पार्टनर/बंधककर्ता) 4. श्री मनु गुप्ता पुत्र श्री उमा शंकर (जमानतकर्ता)	रु. 29,35,706/– (रूपये उन्तीस लाख पैंतीस हजार सात सौ छः मात्र) + दिनांक 11.05.2023 तक + ब्याज/जुर्माना/अतिरिक्त शुल्क सहित दिनांक 12.05.2023 से प्रभावी	मकान संख्या 51/12 (नया) एवं 51/6 (पुराना) चक संख्या 51 के भाग पर निर्मित मकान के सभी भाग व खण्ड स्थित राम गंज, कानपुर 208001 उत्तर प्रदेश, **क्षेत्रफल 88.14 वर्ग मीटर** एवं **चौहद्दी: पूर्वः** 12 फीट चौड़ी सर्विस रोड, **पश्चिमः** स्वामी दयाल कटियार के स्वामित्व में परिसर संख्या 51/9, **उत्तरः** परिसर संख्या 51/13, **दक्षिणः** मकान संख्या 51/12–ए साथ ही, इस पर बनी सभी संरचनाएं एवं निर्माण, वर्तमान एवं भविष्य दोनों।	तिथिः 18.03.2026 समयः 11.00 बजे से 04.00 बजे तक	रु. 1,66,00,000/- रु. 16,60,000/- रु. 50,000/-	तिथिः 16.03.2026 केवल बैंकिंग समय के दौरान 17.03.2026 शाम 6:00 बजे तक	सुमंत प्रसाद (9899896356) मनीष कुमार (8090098551)
	सुरक्षित लेनदार को ज्ञात भारः– दुकानें एवं एक मंजिल पर लोग रह रहे हैं।						

ईएमडी केवल www.baanknet.com के माध्यम से जमा की जानी है।
नीलामी केवल www.baanknet.com के माध्यम से ऑनलाइन ही आयोजित की जाएगी।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईडीबीआई बैंक लिमिटेड सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट www.idbibank.in पर दिए गए लिंक को देखें।

दिनांकः 14.02.2026 स्थानः कानपुर प्राधिकृत अधिकारी, आईडीबीआई बैंक लि.

दस महीने की बच्ची के अंगों ने चार लोगों को दिया नया जीवन

कोच्चि। केरल में 10 महीने की मासूम आलिन शेरिन अब्राहम के अंगदान ने चार लोगों को नई जिंदगी दी है। वह केरल की सबसे कम उम्र की अंगदाता बन गई। 5 फरवरी को कोट्टायम में सड़क हादसे में आलिन गंभीर रूप से घायल हो गई थी। अस्पताल में बृहस्पतिवार को डॉक्टरों ने उसे ब्रेन डेड घोषित कर दिया। आलिन के माता-पिता ने दूसरों का जीवन संवारने के लिए उसके अंग दान का फैसला लिया। शुक्रवार को सर्जरी के बाद उसका हार्ट वाल्व, लिवर व किडनी तिरुवनंतपुरम के अस्पतालों में भेजे गए। उसकी आंखें आई बैंक को दान की गईं। एजेंसी

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है –

ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2026-32, कार्य का नाम : पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल:– लखनऊ स्टेशन और गोरखपुर स्टेशन के दोनों तरफ के यार्ड एरिया से 12 महीने के लिए रैम पिकिंग का काम और रैम्स का डिस्पोजल, **अनुमानित लागत :** रु. 74,03,387.52, **अग्रिम धन :** रु. 1,48,100.00, **समापन अवधि :** 12 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2026-32** के लिए ई-निविदा दिनांक **06.03.2026** को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई ही तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, मुजाधि/डब्ल्यू-463 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

ट्रेनों में जलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

यूपीपी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0

(उत्तर प्रदेश सरकार का उपक्रम) CIN: U150UP1976SGC004285
कार्यालय- महाप्रबन्धक जोन-7, यूपीपी0 प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 लखनऊ
बापू धाट, पीपली रेसिड, पीपली मण्डी, लखनऊ।
website: https://upprojects.upsdc.gov.in, Email: gm.7uppcl@gmail.com
GSTIN: 09AAACU3393F1Z8

ISO 9001 : 2015

पत्रांक-194/पी०सी०ए०/महाप्रब0जोन-7/ई-टेण्डर दिनांकः 13/02/2026

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा "जनपद कानपुर में जे0के0 कैसर संस्थान, कानपुर में रैम्प का निर्माण" कार्य हेतु इस कार्यालय की अल्पकालीन ई-निविदा सूचना- 71/UPPCL/GM-7/E-TENDER/2025-26 दिनांक-13.02.2026 द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाइट **https://etender.up.nic.in** के पोर्टल पर दिनांक-14.02.2026 से दिनांक-28.02.2026 तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है, जिसे दिनांक-28.02.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक सबमिट/जमा किया जा सकता है। टेक्निकल बिड दिनांक-28.02.2026 अपरान्ह 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के उपरोक्त कार्यालय में खोली जानी प्रस्तावित है। निविदा से सम्बन्धित अन्य विवरण एवं शर्तें इत्यादि कारपोरेशन की वेबसाइट **https://upprojects.upsdc.gov.in** पर भी देखी जा सकती है।

महाप्रबन्धक जोन-7